तापमान
अधिकतम 37.3 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 20 अक्टूबर 2024

13 खेलों से अनुशासन और नेतृत्व क्षमता होती..

14 पिकअप से कुचलकर की दोस्त की हत्या ..


### शहर में आज

- अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाएगी निगम
- राजीव गांधी खेल परिसर में स्कूली छात्रों के बीच खेल प्रतियोगिताएं।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

### बिजली कट

- सुबह 8.15 से 9.45 तक
11 केवी पोली पम्प हाउस इंडीपेंडेंट फीडर, 11 केवी चिड़ी एपी फीडर और 11 केवी लाखन माजरा एपी फीडर
- सुबह 8.30 से 10 बजे तक
निडाना, गद्दी खेडी, सिंहपुरा, हिसार रोड, मदीना
- सुबह 9 से 10:30 बजे तक
निडाना 33केवी, समरगोपालपुर, गिरावड़, भगवतीपुर,
- सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक
प्रेम नगर, सोनीपत रोड , लघु सचिवालय, दुर्गा कॉलोनी , चमनपुरा, संजय कॉलोनी, गुरु नानक पुरा, अशोक गली, सोनीपत स्टैंड, मानसरोवर कॉलोनी, विकास नगर, सिविल अस्पताल के सामने का एरिया, पुलिस लाइन, आईसी कॉलेज

करवा चौथ आज, मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं में होड, बाजार हुए गुलजार

# महिलाएं आज पति की लंबी उम्र के लिए रखेंगी व्रत, शाम 7.56 मिनट पर होगा चांद का दीदार

- बाजारों में रही भीड़, पुलिस बल तैनात, आज चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत सुहागन महिलाएं आज रखेंगी। सुहागिन स्त्रियां, करवा चौथ का व्रत रखकर, अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। करवा चौथ का व्रत रात्रि में चंद्रमा के निकलने के बाद ही तोड़ा जाता है। इस दौरान चंद्रमा को जल चढ़ाया जाता है। करवा चौथ के पूजन के दौरान स्त्रियां छलनी से पति का चेहरा देखकर, पति के हाथ से जल ग्रहण करती हैं।

### जमकर खरीद दारी

वहीं, शुक्रवार को बाजारों की रौनक देखते ही बनी। महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। मेहंदी लगाने वालों के यहां लाइनें लगी हुई थी। देर शाम तक बाजारों में भीड़ लगी रही। वहीं नगर निगम ने शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाया।

क्योंकि एक दिन पहले ही चेतावनी देते हुए 30 दुकानदारों को नोटिस थमाए गए थे। शहर के प्रमुख बाजारों में रविवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। भीड़ को देखते हुए शहर के बाजारों में नाकाबंदी कर पुलिस तैनात रही।

### सजना है सजना के लिए ....


रोहतक। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवातीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### लगाए नाके

मुख्य बाजार में महिलाओं की ज्यादा आवाजाही व भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। शहर में जाने वाले रास्तों पर पुलिस ने बेरिकेट्स लगा दिए हैं। शांत मई, गोहाना रोड, किला रोड, भिवानी स्टैंड, अशोका चौक, मॉडल टाउन आदि एरिया में नाके लगाए गए हैं। इसके अलावा पुलिसकर्मी लगातार बाजार में गश्त कर रहे हैं।

### बाजारों में भारी भीड़

त्योहारी सीजन को लेकर इस समय बाजार ग्राहकों से गुलजार हैं। इस समय बाजार में अच्छी भीड़ उमड रही है। शोरी मार्केट सहित किला रोड, रेलवे रोड, प्रताप चौक, चमेली मार्केट, गांधी कैंप और मॉडल टाउन में लोग खरीदारी कर रहे हैं। इस एरिया में कई दुकानदारों द्वारा सामान सड़क पर रखे जाने से जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं किला रोड पर शनिवार को सीवर ओवरफ्लो होने से गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया, जिसकी वजह से महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### सुहागन महिलाएं भगवान शिव, माता पार्वती और चंद्रमा की करती हैं पूजा

इस व्रत में भगवान शिव माता पार्वती और चंद्रमा का पूजन किया जाता है। सुहागन महिलाएं सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। इस बार चतुर्थी के चंद्रोदय के आधार पर करवा चौथ व्रत 20 अक्तूबर को रखा जाएगा। करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त दोपहर शुभ योग 01:33 से दोपहर 02:58 तक और शुभ योग शाम 05:47 से रात्री 07:23 तक शुभ मुहूर्त में पूजन किया जाएगा। करवा चौथ व्रत का पारण चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद किया जाता है। दुर्गा भवन मंदिर के पुजारी आचार्य मनोज मिश्रा ने बताया कि करवा चौथ का व्रत हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है, उस दिन कार्तिक संकष्टी चतुर्थी होती है, जिसे वक्रतुंड संकष्टी चतुर्थी कहते हैं। करवा चौथ के दिन सुहागन महिलाएं अपने जीवनसाथी की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, इस व्रत में चंद्रमा की पूजा करना और अर्घ्य दिया जाता है, इसके बिना करवा चौथ का व्रत पूरा नहीं होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 48 मिनट से प्रारंभ हो रही है, यह तिथि 21 अक्टूबर सोमवर को सुबह 04 बजकर 18 मिनट पर खत्म होगी।


### चंद्रमा पूजन और अर्घ्य का समय


पंडित मनोज मिश्रा

करवा चौथ के दिन चंद्रोदय रात 07 बजकर 56 मिनट पर होगा, इस समय से चंद्रमा पूजन के साथ अर्घ्य दे सकते हैं, चंद्रमा को अर्घ्य देने पर व्रत पूरा होता है, करवा चौथ व्रत का पारण चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद किया जाता है, पति के हाथों जल पीकर व्रत को पूरा किया जाता है, पंडित मनोज मिश्रा ने बताया कि रविवार को महिलाएं रात 07:56 बजे के बाद चंद्रमा देख कर कभी भी पारण कर सकती हैं।

### किला रोड : खरीदारी से पहले पार करनी होगी दूषित पानी की 'दरिया'




रोहतक। हिसार रोड के पेट्रोल पंप पर गाड़ी में तेल डलवाते हुए युवक।

दिनदहाड़े गुंडागर्दी से हड़कंप

# 3800 रुपये का पेट्रोल डलवाकर स्विफ्ट कार चालक हुआ फरार

- घटना कैमरे में हुई कैद, पहले भी हो चुकी ऐसी वारदातें
- पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन ने एसपी से कड़ी कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बदमाशों के हौसले बढ़ते ही जा रहे हैं। शनिवार को स्विफ्ट कार चालक ने हिसार रोड के पेट्रोल पंप से 38 सौ रुपये का पेट्रोल डलवाया और बिना रुपये दिए ही फरार हो गया। मामले की जानकारी डायल 112 पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई शुरू की। आरोपी की गाड़ी सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसके आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पेट्रोल पंप मालिक पुनित कौशिक ने पुलिस को बताया कि दिन में स्टाफ गाड़ियों में तेल डाल रहा था। इस दौरान बिना नम्बर की सफेद रंग की स्वीफ्ट गाड़ी आई। कार चालक ने स्टाफ से करीब 38 सौ रुपये का पेट्रोल डलवाया। जब युवक से रुपये मांगे गए तो वह गाड़ी लेकर फरार हो गया। कार में दूसरा व्यक्ति भी सवार था। इसके बाद स्टाफ ने मामले की जानकारी उन्हें दी। फिर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर छानबीन की। युवक की तलाश की जा रही है। पुनित कौशिक ने बताया कि इससे पहले भी इस एरिया में कई वारदातें हो चुकी हैं। जिला पुलिस प्रशासन को इन वारदातों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

### महम की तरफ से आया

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पेट्रोल पंप के कैमरे खंगाले। इसमें पाया कि दो युवक कार लेकर महम की तरफ से आए हैं। उन्होंने पेट्रोल डलवाया और फिर वापस महम की तरफ ही फरार हो गए। पुलिस ने दूसरे एरिया के भी कैमरे खंगाले हैं।

### कई वारदातें हो चुकीं

पिछले कई वर्षों में पेट्रोल पंप पर ऐसी दर्जनों वारदातें हो चुकी हैं। अक्सर आरोपी तेल डलवा कर फरार हो जाते हैं। ऐसी गाड़ियों पर अक्सर गाड़ी का नम्बर तक नहीं लिखा होता। पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन ने एसपी से कार्रवाई की मांग की। एसोसिएशन का कहना है कि नाकाबंदी कर इन वाहन चालकों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

बर्थडे पार्टी में गया हुआ था

# भिवानी के युवक को आईएमटी में लगी गोली

युवक घायल, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएमटी स्थित भिवानी के युवक को अज्ञात कारणों के चलते गोली लगने का मामला सामने आया है। जो बर्थडे पार्टी में गया हुआ था। गोली लगने से घायल युवक को रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया। साथ ही इसकी सूचना आईएमटी पुलिस को दी गई। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार घायल की पहचान भिवानी के उत्तम नगर निवासी करीब 24 वर्षीय अमित के रूप में हुई है। जो रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में फार्मेसी का छात्र था और रोहतक में ही रहता था। अमित और उसके दोस्त आईएमटी में बर्थडे पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान अमित के पेट में गोली लग गई। जिसका पता लगते ही अमित को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल का उपचार आरंभ कर दिया। साथ ही घटना की सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस भी जांच में जुट गई। घायल के बयान दर्ज होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### की जा रही जांच

युवक को गोली लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। हालांकि अभी तक घायल के बयान दर्ज नहीं हो पाए है। पुलिस जांच कर रही है। बयान दर्ज होने और जांच के बाद ही घटना स्पष्ट हो पाएगी।
-रविंद्र कुमार जांच अधिकारी, आईएमटी थाना

### बाइक चोरी की वारदात में शामिल आरोपी काबू

रोहतक। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी टीना की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई थी।

# अब तक 2094.86 मीट्रिक टन धान और 1836.05 मीट्रिक टन बाजरे की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला की मंडियों में अब तक 2094.86 मीट्रिक टन धान तथा 1836.05 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई है। शुक्रवार को जिला में 363.3 मीट्रिक टन व 255.7 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई। अजय कुमार ने बताया कि जिला में रोहतक, महम व सांपला मंडियों में 2094.86 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। रोहतक मंडी में 1730.76 मीट्रिक टन ग्रेड-ए किस्म का धान, महम मंडी में 154.80 मीट्रिक टन 1509 किस्म का धान तथा सांपला मंडी में 209.30 मीट्रिक टन 1509 किस्म का धान खरीदा गया है। मंडियों से उठान का कार्य भी जारी है। जिला की मंडियों में अभी तक खरीद एजेंसियों द्वारा 1836.05 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद भी की गई है। कलानौर मंडी में अब तक 135.85 मीट्रिक टन, महम मंडी में 1157.50 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 82.30 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 460.40 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई है।



### किसान फसल अवशेषों को न जलाएं: डीसी



उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के किसानों का आह्वान किया है कि वे धान की फसल की कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को आग न लगाएं। फसल अवशेषों को जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है तथा पशुओं के लिए चारे की कमी होती है। ऐसा करने से मिट्टी में मौजूद मित्र कीट नष्ट होते है तथा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कमजोर होती है। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। फसल अवशेषों से पशुओं के लिए चारा भी बनाया जा सकता है तथा किसान कृषि यंत्रों की मदद से फसल अवशेषों की गांठ इत्यादि बनाकर बिक्री कर अतिरिक्त आय भी कमा सकते हैं। फसल अवशेषों को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उपजाऊ शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है।




स्पर्धा | मदवि में आयोजित इंटर कॉलेज गर्ल्स वॉलीबॉल प्रतियोगिता

# एमकेजेके कॉलेज रोहतक बना महिला इंटर कॉलेज वॉलीबाल में 'चैंपियन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित इंटर कॉलेज गर्ल्स वॉलीबाल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए यूटीडी और टीकाराम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत के बीच में मैच हुआ, जिसमें तृतीय स्थान यूटीडी ने टीआरजीसी सोनीपत को हराकर प्राप्त किया। फाइनल मैच महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय व पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज रोहतक के बीच में हुआ, जिसमें महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान नेकीराम कॉलेज रोहतक को मिला। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सुखबीर किन्हा सी आर पॉलिटेक्निक कॉलेज रोहतक और डिप्टी डायरेक्टर एमडीयू रोहतक डॉक्टर शकुंतला बेनीवाल और वॉलीबॉल गेम इंचार्ज नरेश हुड्डा के नेतृत्व में समाप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप प्रोफेसर कुलताज, डॉक्टर तेजपाल, डॉक्टर धर्मेंद्र कादयान, डॉ मस्तराम, डॉक्टर सुमन मान और डॉक्टर रेखा नरवाल ने शिरकत की। निर्णायक की भूमिका में नवीन सांगवान डीपीई, संदीप व पवन कुमार डीपी उपस्थित थे। एमडीयू के खेल निदेशक प्रोफेसर आर पी गर्ग ने बताया कि आज एमडीयू महिला वॉलीबॉल की टीम का चयन भी किया गया।


रोहतक। प्रतियोगिता में दोनों टीमों के साथ मुख्य अतिथि डॉक्टर सुखबीर किन्हा सी आर पॉलिटेक्निक कॉलेज रोहतक ,डिप्टी डायरेक्टर एमडीयू रोहतक डॉक्टर शकुंतला बेनीवाल व वॉलीबॉल गेम इंचार्ज नरेश हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

# मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प

# एक साल में 56% तक रिटर्न

● शेयर बाजार में गिरावट के बावजूद भी बढ़िया रिटर्न देने में अव्वल ● म्यूचुअल फंड के जरिये संतुलित निवेश करने से नहीं होती परेशानी ● लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता, लक्ष्य तक पहुंचाता है

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में उथल पुथल के बावजूद मल्टीकैप फंड निवेश का बेहतरीन विकल्प बनकर उभर रहे हैं और निवेशकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। मल्टीकैप फंडों ने एक साल में 56% तक का रिटर्न दिया है। इससे एसआईपी के जरिये निवेश करने वालों को बड़ा लाभ मिल रहा है। इन फंडों में निवेश के लिए जरूरी है थोड़ा सा संयम के साथ निवेश किया जाए और अपने वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे एसआईपी के जरिये पैसे लगाएं। इससे आसानी निवेश को बढ़ा पाएंगे। मल्टीकैप फंड बिकवाली के दौर में ग्रोथ पर रहे हैं। पिछले छह कारोबारी दिनों में निवेशकों के करीब 20 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके हैं। ऐसे में रिटेल इनवेस्टर्स परेशान हैं। हां, जिन्होंने म्यूचुअल फंड में निवेश किया और संतुलित निवेश करने वाले फंड में पैसे लगाए हैं, वे बेफिक्र हैं। चूंकि कहा भी गया है कि लंबी अवधि का निवेश कभी भी धोखा नहीं देता और आसानी से निवेश के लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसलिए बाजार के जानकार सुझाव देते हैं कि लंबी अवधि के निवेश का लक्ष्य बनाएं।



### संतुलित निवेश कहां

पर्सनल फाइनेंस के जानकारों का कहना है कि संतुलित निवेश के लिए मल्टीकैप फंड एक बेहतर साधन हो सकता है। यह एक ऐसी स्कीम है जो सभी मार्केट कैप मतलब कि लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप में निवेश करती है। बाजार की गिरावट में जहां लार्ज कैप शेयर सुरक्षा प्रदान करते हैं वहीं मिड और स्मॉल कैप शेयर फायदा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कोई भी एक मार्केट कैप लगातार बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। इसलिए निवेशकों को एसेट अलोकेशन के तहत सभी मार्केट कैप में निवेश करना चाहिए।

### डायवर्सिफिकेशन का फायदा

निवेश गुरुओं का कहना है कि आपके गुलदस्ते में हर तरह के फूल होने चाहिए। बस, इसी सिद्धांत पर मल्टीकैप फंड चलता है। उनका जोखिम और रिटर्न एक बाजार पर केंद्रित होने के बजाय पूरे बाजारा पूंजीकरण पर केंद्रित होता है। आप भी देखिए कि हर बाजार का रिटर्न अलग रहा है। सालाना आधार पर साल 2023 में निफ्टी 100 टीआरआई का रिटर्न 21 फीसदी रहा है जबकि निफ्टी मिडकैप 150 टीआरआई का रिटर्न 45 फीसदी रहा है। निफ्टी स्मॉलकैप 250 टीआरआी का भी रिटर्न 49 पर्सेंट रहा है। मल्टीकैप में एक जाना माना नाम एक्सिस म्यूचुअल फंड है। इस फंड ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक निवेशकों को लगातार बेहतर फायदा दिया है।

### मल्टी कैप फंड क्या हैं

मल्टी-कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में निवेश करती है। मल्टी-कैप फंड में, कुल एसेट का न्यूनतम 75% इक्विटी और इक्विटी से संबंधित इंस्ट्रूमेंट में इन्वेस्ट करना आवश्यक है। इसके अलावा, ये फंड लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में कम से कम 25% इन्वेस्ट करने की उम्मीद है।

### मल्टी कैप फंड कैसे काम करते हैं

मल्टी-कैप फंड में मार्केट कैपिटलाइज़ेशन में कंपनियों के स्टॉक में इन्वेस्ट करने की सुविधा होती है, जब तक वे ऊपर उल्लिखित 25% शर्तों को बनाए रखते हैं। हालांकि, प्रत्येक पूंजीकरण में निवे श का वितरण फंड मैनेजर की रणनीति पर निर्भर करता है। इक्विटी जोखिम भरा होता है, लेकिन उनके भीतर, जोखिम की मात्रा अलग-अलग होती है। व्यापक स्टॉक मार्केट के आधार पर, फंड मैनेजर रिटर्न को अधिकतम करने के लिए होल्डिंग को एडजस्ट कर सकता है।

### किस फंड हाउस का कितना रिटर्न

हम यहां मल्टीकैप के वैसे फंडों का जिक्र कर रहे हैं, जिन्होंने बीते एक साल में 50 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। इनमें एक्सिस के मल्टीकैप ने सर्वाधिक 56.02 फीसदी का रिटर्न दिया है। कोटक मल्टीकैप की स्कीम ने 52.83 फीसदी, एचएसबीसी की स्कीम ने 51.90 फीसदी और एलआईसी मल्टीकैप की स्कीम ने 51.37 फीसदी का रिटर्न दिया है। अगर किसी निवेशक ने इन फंडों में एक साल पहले एक लाख रुपये का निवेश किया होता तो एक ही साल में वह रकम अब 1.56 लाख रुपये हो गई होती।

### कहां होता है निवेश

मल्टीकैप फंड लार्जकैप, मिडकैप,स्मॉलकैप और डायनॉमिक में 25-25 फीसदी का निवेश करता है। आपको पता ही होगा कि लार्जकैप फंड बड़ी कंपनियों में निवेश करता है। मिडकैप फंड मिडकैप कंपनियों के अवसरों को पकड़ता है, जबकि स्मॉलकैप उभरते हुए अवसरों में निवेश करता है। अगर एक्सिस म्यूचुअल फंड के मल्टीकैप की बात करें तो इसने सर्वाधिक निवेश वित्तीय सेवाओं, ऑटोमोबाइल और उसके कलपुर्जे, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल में किया है। यह सभी ऐसे सेक्टर हैं जो बाजार के हर माहौल में निवेशकों को सुरक्षा देने के साथ साथ उनके निवेश पर अच्छा रिटर्न देते हैं।

## मल्टी-कैप फंड के प्रकार

### लार्ज-कैप-फोकस्ड फंड

इन फंड में, फंड मैनेजर लार्ज कैप फंड को अधिक वेटेज देता है जो समग्र पोर्टफोलियो को अधिक स्थिरता प्रदान करने की संभावना होती है। यह फंड मैनेजर को मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के मिश्रण में शेष कॉर्पस को निवेश करने के लिए लीवे देता है, जिनमें अच्छे विकास के अवसर और रिटर्न प्रदान करने की क्षमता होती है।

### मिड-कैप स्मॉल-कैप फोकस्ड फंड

इन फंड में, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक के लिए वेटेज दिया जाता है। इस प्रकार, ये फंड मिड-कैप्स और स्मॉल कैप फंड से अधिक आक्रामक दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, लार्ज-कैप स्टॉक से जोखिम भरा हो सकता है लेकिन बेहतर रिटर्न प्रदान करने की क्षमता रखते हैं।

### कोई विशिष्ट फोकस नहीं

इन प्रकार के मल्टी-कैप फंड प्रत्येक मार्केट कैप में आवश्यक न्यूनतम निवेश करने के अलावा किसी विशेष मार्केट कैप पर ध्यान नहीं केंद्रित करते हैं। लार्ज-कैप्स, मिड-कैप्स और स्मॉल-कैप्स के बीच का वेटेज फंड मैनेजर की स्ट्रेटेजी, स्टॉक वैल्यूएशन और मार्केट की कुल स्थितियों के आधार पर अलग-अलग हो सकता है।



# पीपीएफ में 15 की बजाय 20 साल तक करें निवेश

# मिलेगा बढ़िया लाभ

- फिर हर महीने 40 हजार रुपये होगी अर्निंग
- अकाउंट में 66 लाख बना रहेगा बैलेंस
- पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है
- इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है

मनी मंत्रा

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश कर बुढ़ापे में सिक्योर होना चाहते हैं तो पोस्ट ऑफिस की स्मॉल सेविंग्स स्कीम पब्लिक प्रोविडेंट फंड को मैच्योरिटी यानी 15 साल बाद एक्सटेंड करने की भी सुविधा है। इस अकाउंट को एक बार में 5 साल के लिए आगे बढ़ाया जा सकता है यानी आप इसे 5 साल-5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। इससे आपका अच्छा लाभ मिलेगा। अगर आप मौजूदा ब्याज दर पर 20 साल तक पीपीएफ अकाउंट को निवेश के साथ जारी रखते हैं तो इसके जरिए 66 लाख रुपये फंड जुटा सकते हैं। अगर आप चाहें तो 20 साल बाद यह 66 लाख पूरी तरह सुरक्षित रखते हुए इसी अकाउंट से आप मंथली 40 हजार रुपये या सालाना 4.73 लाख रुपये इनकम कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको इसकी पूरी जानकारी देंगे।

- एक वित्त वर्ष में मैक्सिमम डिपॉजिट : 1.50 लाख रुपये
- ब्याज दर : 7.1 फीसदी सालाना
- 15 साल में कुल जमा : 22,50,000 रुपये
- 15 साल बाद कुल फंड : 40,68,209 रुपये
- 20 साल में कुल जमा : 30,00,000 रुपये
- 20 साल बाद कुल फंड : 66,58,288 रुपये

### कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट

कैसे खुलेगा पीपीएफ अकाउंट कोई भी भारतीय नागरिक पोस्ट ऑफिस में यह अकाउंट अपने या अपने बच्चे के नाम पर खोल सकता है। इसके लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों प्रक्रियाएं उपलब्ध हैं. इसके लिए जरूरी डॉक्युमेंट ये हैं। किसी व्यक्ति की पहचान को सत्यापित करने वाले केवाईसी दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, नॉमिनी की घोषणा के लिए फॉर्म पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी।

### एक्सटेंड करने पर कैसे मिलता है ब्याज

15 साल की मैच्योरिटी के बाद पीपीएफ को एक बार में 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। 5 साल बाद फिर इसे 5 साल के लिए एक्सटेंड कर सकते हैं। अगर आप 15 साल की मैच्योरिटी के बाद निवेश किए स्कीम को एक्सटेंड करते हैं तो 15 साल बाद क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलता रहेगा। वहीं अगर निवेश के साथ इसे एक्सटेंड करते हैं तो स्कीम में उसी तरह से ब्याज पर ब्याज जुड़ेगा, जैसे मैच्योरिटी के पहले। जब आप निवेश के साथ स्कीम को 5 साल के लिए एक्सटेंड करते हैं तो एक साल में 60 फीसदी तक रकम निकाल सकते हैं।

### पीपीएफ : 15+5 साल के लिए निवेश

पीपीएफ में मैच्योरिटी तक यानी 15 साल तक हर फाइनेंशियल ईयर में अधिकतम जमा करें तो मौजूदा ब्याज दर के हिसाब से कुल 40,68,209 रुपये का फंड जुटाया जा सकता है, लेकिन अगर इसे आगे 5 साल के लिए बढ़ाते हैं तो 20 साल बाद आपके पास करीब 66 लाख रुपये का फंड होगा। पीपीएफ अकाउंट को आप 15 साल के लिए एक बार में 5 साल- 5 साल के लिए बढ़ा सकते हैं। यानी निवेश जारी रखने के साथ 20 साल की बजाय 25 साल भी अकाउंट एक्सटेंड हो सकता है। 25 साल तक अकाउंट जारी रखने पर आपके पास 1 करोड़ रुपये का फंड होगा। इस क्लोजिंग बैलेंस पर अगले 5 साल आप हर महीने 60 हजार रुपये इनकम कर सकते हैं।

### 20 साल बाद ऐसे होगी मंथली इनकम

ऊपर कैलकुलेशन में साफ है कि पीपीएफ अकाउंट 5 साल के लिए एक्सटेंड करने पर आप करीब 66.50 लाख रुपये फंड बना सकते हैं। अगर आप इसके बाद बिना कुछ निवेश किए इस अकाउंट से मंथली इनकम चाहते हैं तो इसके लिए खास नियम है। यहां एक्सटेंड करने का ही नियम आपके काम आएगा। 20 साल बाद आपको फिर 5 साल के लिए यह अकाउंट एक्सटेंड करना होगा, लेकिन बिना कुछ निवेश किए। अगर आप स्कीम को बिना कुछ निवेश किए 5 साल के लिए एक्सटेंड किया है तो आपको क्लोजिंग बैलेंस पर सालाना ब्याज मिलेगा। वहीं हर साल एक बार आप पूरी रकम का कितना फीसदी भी निकाल सकते हैं। यह 100 फीसदी तक हो सकता है। यहां 66.58 लाख रुपये के क्लोजिंग बैलेंस पर 7.1 फीसदी सालाना ब्याज मिलेगा। यह एक साल में 4,72,738 रुपये होगा। आप एक साल में एक बार में इस पूरी ब्याज की रकम को निकाल सकते हैं। इसे 12 महीनों में बांट दें तो करीब 39,395 रुपये महीना होगा। वहीं इस निकासी पर कोई टैक्स भी नहीं लगेगा। खास बात यह है कि आपका 66.58 लाख रुपये का बैलेंस सुरक्षित बना रहेगा।

# एक साल में 65% से ज्यादा मुनाफा देने वाली म्यूचुअल फंड की स्कीम

- लॉन्ग टर्म एसआईपी रिटर्न में भी रही चैंपियन
- म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की तरह दे रही रिटर्न
- इन स्कीमों में निवेशकों ने कमाया बढ़िया मुनाफा
- छोटे से अमाउंट से भी बना दिया करोड़ों का फंड
- लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत

जानकारी

बिजनेस डेस्क

एक साल के लिए आप कहीं पैसा लगाएं और आपको 65 से 85 फीसदी रिटर्न मिल जाए। आप सोच रहे होंगे कि ऐसा तो स्टॉक मार्केट में ही पॉसिबल है, लेकिन अब म्यूचुअल फंड की इक्विटी स्कीम भी स्टॉक मार्केट की ही तरह रिटर्न देने लगी हैं। बाजार में ऐसे कई इक्विटी म्यूचुअल फंड हैं, जिनमें सिर्फ 1 साल में 65 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिल गया है। वहीं, इसका लंबी अवधि में भी रिटर्न देने का ट्रैक रिकॉर्ड मजबूत है। तभी तो इन स्कीम ने 5 साल की एसआईपी का रिटर्न चेक करें तो ये चैंपियन साबित होती हैं। ऐसे फंडों में पैसा लगाने से निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिल सकता है और वे अपने छोटे से अमाउंट को को बढ़िया फंड में तबदील कर सकते हैं। हालांकि कहा भी गया है कि शेयर बाजार का रिटर्न रिस्क के अधीन होता है, लेकिन कुछ म्युचुअल फंडों ने बढ़िया रिटर्न देकर निवेशकों को रिझाया है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ फंड जो 1 साल का रिटर्न 65 फीसदी या इससे ज्यादा दे रहे हैं।

### इन फंडों का रिटर्न रहा बेहतर

**सीपीएसई ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 85.71%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 48.65%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 19,24,588 रुपये

**मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 72.56%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 42.86%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,89,128 रुपये

**एलआईसी एमएफ इंफ्रास्ट्रक्चर फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 68.39%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 39.01%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 15,46,959 रुपये

**बंधन इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 66.42%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 41.57%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 16,40,280 रुपये

**निप्पॉन इंडिया निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस एफओएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.35%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,94,003 रुपये

**आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**




- 1 साल में रिटर्न : 66.11%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.21%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,786 रुपये

**यूटीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.09%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.22%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 12,01,860 रुपये

**एसबीआई निफ्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ**
- 1 साल में रिटर्न : 66.06%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.13%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,99,536 रुपये

**निप्पॉन इंडिया ईटीएफ निफ्टी नेक्स्ट 50 जूनियर बीईएस**
- 1 साल में रिटर्न : 66%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 28.08%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,98,042 रुपये

**डीएसपी निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड**
- 1 साल में रिटर्न : 65.68%
- 5 साल की एसआईपी का रिटर्न सालाना : 27.93%
- 10 हजार मंथली एसआईपी की वैल्यू : 11,93,855 रुपये

### स्टॉक मार्केट से सेफ है म्यूचुअल फंड

म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं. इससे पोर्टफोलियो डायवर्सिफाइड हो जाता है।

### रिटर्न मिलने के चांस क्यों ज्यादा

म्यूचुअल फंड में काबिल और अनुभवी फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले।

*(डिस्क्लेमर : किसी भी इक्विटी फंड में पुराना रिटर्न आगे भी जारी रहेगा या नहीं, इसकी गारंटी नहीं है। यह भविष्य में कायम भी रह सकता है और नहीं भी। बाजार में जोखिम होती है, इसलिए निवेश के पहले एक्सपर्ट की सलाह लें।)*

# सितंबर में एसआईपी के जरिये नई ऊंचाई पर पहुंचा निवेश



- एसआईपी एयूएम ने भी नाया नया रिकॉर्ड
- एएमएफआई की रिपोर्ट में दावा, सितंबर 2024 में 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं -म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल फोलियो भी नई ऊंचाई पर पहुंचे
- निवेशकों ने जमकर पैसा कमाया, आगे भी बढ़त जारी रहने के आसार
- म्यूचुअल फंड एसआईपी ने सितंबर 2024 में बनाया नया कीर्तिमान

जानकारी

बिजनेस डेस्क

बाजार में निवेश के लिए कई स्कीमें मौजूद हैं, जो लोगों को लुभाती रहती हैं। लेकिन एसआईपी के जरिये निवेश करना और लंबी अवधी के लिए किया गया निवेश कभी भी आपको रुसवा नहीं करता। लक्ष्य तय कर निवेश करने से कभी नुकसान नहीं होता। हालांकि निवेश करने से पहले अपनी रिस्क क्षमता को भी देख लेना चाहिए। इस बार सितंबर माह को देखा जाए तो एसआईपी के जरिये किया गया निवेश नई ऊंचाई पर पहुंचा और निवेशकों ने बढ़िया रिटर्न बटोरा है। जानकारों को कहना है कि सितंबर में करीब 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं हैं। जो बढ़िया रिटर्न दे सकती हैं। सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) में कंट्रीब्यूशन और एयूएम (एसेट्स अंडर मैनेजमेंट) दोनों ही अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं।

### इसलिए सितंबर रहा खास

इसके अलावा सितंबर 2024 इसलिए भी खास रहा है कि इस साल इस माह में कुल मिलाकर 27 नई म्यूचुअल फंड स्कीम्स लॉन्च हुईं, जो सभी ओपन-एंडेड कैटेगरी में थीं। इन स्कीम्स ने कुल 14,575 करोड़ रुपये जुटाए। इससे साफ संकेत मिलते हैं कि म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच लगातार पॉपुलर बने हुए हैं और लोग इन्हें बेहतर इन्वेस्टमेंट ऑप्शन के तौर पर बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि लंबे समय तक एसआईपी के जरिये किया गया निवेश बढ़िया मुनाफा दे सकता है, यदि धैर्य रखा जाए तो यह निवेश का एक बेहतर ऑप्शन है।



### सितंबर 2024 में एसआईपी कंट्रीब्यूशन और एयूएम का रिकॉर्ड

सितंबर 2024 के आंकड़ों के अनुसार, एसआईपी के जरिए निवेशकों ने 24,508.73 करोड़ रुपये का योगदान दिया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। अगस्त 2024 में यह योगदान 23,547.34 करोड़ रुपये था, जिससे सितंबर में यह योगदान लगभग 4% बढ़ा है। इसके अलावा, एसआईपी एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) ने भी एक नया रिकॉर्ड बनाया और 13,81,703.94 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा, जो अगस्त 2024 में 13,38,944.73 करोड़ रुपये था। इस तरह से आंकड़े दर्शाते हैं कि एसआईपी के जरिये निवेश लोगों के लिए अहम और बढ़िया रिटर्न देने वाला साबित होते जा रहा है।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल संपत्ति

सितंबर 2024 में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का कुल नेट एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 67,09,259.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो अगस्त 2024 में 66,70,305.14 करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, 43 महीनों से लगातार इक्विटी में सकारात्मक इनफ्लो देखने को मिल रहा है, जो मार्च 2021 से चला आ रहा है।

### म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसआईपी से जुड़े आंकड़े

- सितंबर में एसआईपी कंट्रीब्यूशन: 24,508.73 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी एयूएम : 13,81,703.94 करोड़ रुपये
- सितंबर में एसआईपी अकाउंट्स की संख्या: 9,87,44,171 (अगस्त में 9,61,36,329 थी)
- सितंबर में नए एसआईपी रजिस्ट्रेशन: 66,38,857

### म्यूचुअल फंड फोलियो और रिटेल एयूएम

- सितंबर में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या: 21,05,15,684 (अब तक की सबसे ज्यादा)
- सितंबर में रिटेल एमएफ फोलियो: 16,81,61,366
- सितंबर में रिटेल एयूएम : 40,44,098 करोड़ रुपये

### म्यूचुअल फंड्स वेल्थ क्रिएशन का भरोसेमंद जरिया

जानकारों का कहना है कि सितंबर 2024 के आंकड़े म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की स्थिरता और बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। एसआईपी के जरिए निवेशकों का लगातार निवेश करना यह दिखाता है कि म्यूचुअल फंड्स लंबी अवधि के लिए वेल्थ क्रिएशन का एक भरोसेमंद साधन बन गए हैं। कुल मिलाकर सितंबर का महीना म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए काफी बढ़िया रहा है। एसआईपी के जरिए निवेश में लोगों का भरोसा और बढ़ा है, और इंडस्ट्री ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। अगर आप भी म्यूचुअल फंड्स के जरिए अपने फाइनेंशियल टार्गेट हासिल करना चाहते हैं, तो एसआईपी के जरिये अनुशासित ढंग से लंबी अवधि के लिए निवेश की रणनीति पर अमल कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**



### मदवि में अंतरराष्ट्रीय शेफ दिवस मनाया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में अंतरराष्ट्रीय शेफ दिवस मनाया गया। डेफेटेरिया में आयोजित इस कार्यक्रम में आईएचटीएम प्राध्यापक प्रो. संदीप मलिक ने अंतरराष्ट्रीय शेफ दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. आनंद के. सिंह ने वैश्विक आतिथ्य परिदृश्य में शेफ की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला। शेफ अनुराग ने होटल, आतिथ्य और पाक कला क्षेत्र में सफल होने के लिए व्यापार से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने सेवा क्षेत्र में सकारात्मक दृष्टिकोण की भूमिका पर जोर दिया।

### ओरियंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में बीए एलएलबी (प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर), एलएलबी (प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर) के विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और बौद्धिक विकास के माध्यम से सफलता के मंत्र पर फोकस करने की बात कही।

## पुराना शुगर मिल चौक के पास हुआ हादसा

# पिकअप से कुचलकर की दोस्त की हत्या, केस दर्ज

**मृतक की पहचान चरखी दादरी जिले के गांव रूदड़ौल निवासी करीब 38 वर्षीय नवीन के रूप में हुई**

### शराब पीकर दिया वारदात को अंजाम, मौके से फरार हुआ आरोपी





रोहतक। मृतक का फाइल फोटो व मौके पर जांच करते एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया व मौके पर जांच करते पुलिस अधिकारी व एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुराना शुगर मिल चौक के पास एक दोस्त ने पिकअप गाड़ी से कुचलकर अपने गाड़ी चालक दोस्त की हत्या कर दी। हत्या से पहले सभी दोस्तों ने ड्राइवर के साथ बैठकर शराब पी और फिर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस वजह से हत्याकांड को अंजाम दिया गया। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान चरखी दादरी जिले के गांव रूदड़ौल निवासी करीब 38 वर्षीय नवीन के रूप में हुई है। जो पिकअप डाला पर ड्राइवरी का काम करता था। वह शुक्रवार को रोहतक में आया था। इसी दौरान अपने दोस्तों के साथ बैठ गया। 4-5 दोस्तों ने मिलकर शराब पार्टी की।

इसके बाद आपस में हुई कहासुनी के कारण दोस्त ने ही पिकअप डाला से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया और आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतक शादीशुदा है और एक बेटी का पिता भी है। घटना का पता लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। साथ ही एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया को भी घटनास्थल पर बुलाय गया। जिसने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

**दोनों के बीच हुआ था झगड़ा**

राहगीर नरेश का कहना है कि वह एक्टिवा पर सवार होकर यहां से गुजर रहा था। इसी दौरान बोलेरो पिकअप वाले ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। चालक ने फिर से गाड़ी को वापस मोड़ा और फिर से उस व्यक्ति के ऊपर चढ़ा दी। वह बहुत स्पीड़ में था और जब घटना हुई तब वह गाड़ी से करीब 50 फुट ही दूर था। इस वारदात के बाद आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि ये पांच लोग आपस में बैठकर खा-पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच में झगड़ा हुआ।

**हत्या का मामला दर्ज**

पुराना शुगर मिल चौक के पास 4-5 दोस्त बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दो दोस्तों की कहासुनी हो गई। झगड़ा होने के बाद नवीन वहां से उठकर निकल गया। पीछे से उसके साथी ने पिकअप गाड़ी से टक्कर मार दी। इसके बाद फिर से गाड़ी बैक की और ऊपर चढ़ा दी। मारकर आरोपी मौके से भाग गया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि सभी आपस में बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान आपस में गाली-गलौज करने लगे और फिर झगड़ा हो गया। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है।



### आईबी स्कूल में अंतर सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईबी स्कूल में अंतर सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें जूनियर वर्ग, मिडिल वर्ग, सीनियर सेकेंडरी वर्ग के (सन सदन, प्लूटो सदन, मार्स सदन, मरकरी सदन) के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में सन सदन प्रथम, मार्स सदन द्वितीय, प्लूटो सदन तृतीय, मिडिल वर्ग में प्रथम मरकरी सदन, द्वितीय सन सदन, तृतीय प्लूटो सदन, सीनियर सेकेंडरी में प्रथम प्लूटो सदन, द्वितीय सन सदन व मरकरी सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ मनोज कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। विजेता हाउस के बच्चों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले बच्चे कामयाब होते हैं। स्कूल प्रबंधक अमरजीत सिंह ढुल व डायरेक्टर अजीत सिंह ढुल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### डॉ. एसके ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध प्रस्तुत किया

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स विभाग के प्रोफेसर डॉ. एसके तिवारी ने गत 14-16 अक्टूबर को रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित मानव और पशुओं के माइक्रोबायोटा विषयक छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत की। सम्मेलन का आयोजन प्रायोगिक चिकित्सा संस्थान, सेंट पीटर्सबर्ग और रूसी संघ के विज्ञान और उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा किया गया। प्रो. तिवारी ने इस सम्मेलन में डिस्बिओसिस के सुधार के लिए माइक्रोबायोटा के संभावित मॉड्यूलेटर के रूप में बैक्टीरियोसिन पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया, जिसे सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक समुदाय द्वारा बहुत सराहा गया। प्रो. तिवारी ने सम्मेलन के पूर्ण सत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जिसकी सह-अध्यक्षता तीन अन्य वैज्ञानिकों ने की। सम्मेलन में दुनिया के विभिन्न हिस्सों के वैज्ञानिकों ने भाग लिया और उनकी बातचीत से एमडीयू में भविष्य के शोध कार्यों की योजना बनाने के लिए उपयोगी परिणाम सामने आए।



डॉ. एसके तिवारी

## मेहंदी में संजना व रंगोली में स्वीटी और लक्ष्य ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान मेहंदी प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुंदर मेहंदी लगाई और रंगों से त्यौहार की थीम पर आधारित रंगोली बनाई। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमें इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेना चाहिए। इससे विद्यार्थियों का चौमुखी विकास होता है। मेहंदी प्रतियोगिता में संजना ने प्रथम, पायल और काजल ने द्वितीय, आंचला और कुसुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में स्वीटी और लक्ष्य ने प्रथम, तमन्ना और उर्मिला ने द्वितीय व दीपिका और हनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ प्रतिभा ने बताया कि 42 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ पिंक प्रभा, डॉ मोनिका गुप्ता, डॉ अंजु सिंगला, डॉ राजल गुप्ता, दीपाली आर्या, डॉ विनीत बाला, डॉ पिंकी यादव, डॉ संगीता गुप्ता, गीता गुप्ता, डॉ मनिशा, डॉ सविता, डॉ अलका, डॉ अनीता आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। विभिन्न प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता व अन्य प्रोफेसर।



### वीबी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

रोहतक। वीबी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र व अध्यापिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अपने सहपाठियों और स्टाफ सदस्यों को मेहंदी लगाई। अध्यक्ष सुदर्शन मलिक और डायरेक्टर संतोष मलिक ने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान ग्रहण करने वाले छात्र अध्यापिकाओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्राचार्या तृष्णा वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### जाट कॉलेज में टेलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन



रोहतक। टेलेंट हंट कार्यक्रम में जाट कॉलेज के विद्यार्थियों ने कई विधाओं में अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया। यूथ फेस्टिवल के लिए प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने विद्यार्थियों की कला को जांचा और उन्हें और ज्यादा तैयारी करने को प्रोत्साहित किया। मंच संचालन डॉ. मनीषा दहिया ने किया। डॉ. शबनम राठी ने बताया कि कॉलेज में 18 व 19 अक्टूबर को टेलेंट हंट कार्यक्रम में गायन, नृत्य, थियेटर, फाईन आर्टस व लिटरेरी के लिए विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## एमडीयू के खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग को किया सम्मानित



रोहतक। एमडीयू खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग सम्मानित होते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेजेटी यूनिवर्सिटी झुनझुन में आयोजित की जा रही वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में पर डॉक्टर बलजीत सिंह शेखों ने एमडीयू खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग को शाल ओढ़कर सम्मानित किया। जेजेटी यूनिवर्सिटी झुनझुन के कुलपति डॉक्टर देवेंद्र ढुल ने बताया कि प्रोफेसर आरपी गर्ग को उनकी शिक्षा व खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियों और कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर अर्जुन पुरस्कार विजेता मनजीत छीलर, अर्जुन पुरस्कार विजेता संदीप नरवाल, रामकेश जीवन पुरिया आदि मौजूद रहे।

### गवर्नमेंट कॉलेज महम में प्राध्यापिकाओं ने रचाई मेहंदी



महम। प्राध्यापिकाएं अपने हाथों पर लगाई गई मेहंदी दिखाते हुए।

महम। राजकीय महाविद्यालय महम के महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रोहित कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने त्योहारों व जड़ों से जुड़े रहने के महत्व के बारे में बताया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी पिंकी रानी ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार गतिविधियों में भागीदारी बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. प्रियंका वर्मा, डॉ. शिल्पी व ज्योति शर्मा द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजली व किट्टू, द्वितीय स्थान कोमल व दीक्षा और तृतीय स्थान मनीषा व निधि ने प्राप्त किया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जीजा माता सेवा न्यास संचालित राष्ट्र सेविका समिति के तत्वाधान में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डॉ प्रताप सिंह गहलोत, सेवानिवृत्त डायरेक्टर खानपुर बीपीएस यूनिवर्सिटी तथा डॉ वीणा गहलोत सेवानिवृत्त पीजीआई रोहतक द्वारा किया गया। डॉ रागिनी गहलोत एवं सिमरन सहगल ने संयोजिका के रूप मे अपना सक्रिय योगदान दिया। शिविर में डॉ० नवदीप डांगी, डॉ विकास सैनी, डॉ उज्वल बल्हारा, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ० सृष्टि एवं अन्य विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और आयुष विभाग की ओर से निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। जांच में 12 मरीज ऐसे थे जिनमें मोतियाबिन्द पाया गया और उन्हें पीजीआई में आप्रेशन के लिए निर्देश दिए गए। जीजामाता सेवा न्यास महिलाओं और बच्चों के उत्थान एवं अन्य सेवाकार्यों में अग्रणी है। इस न्यास के द्वारा निःशुल्क सिलाई शिविर, योग शिविर, आत्मरक्षा शिविर आदि के नियमित रूप से आयोजन के साथ ही सामाजिक कल्याण एवं सेवा के विभिन्न प्रकल्प चलाए जाते हैं। यह महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए गत कई वर्षों से चलाए जा रहे हैं। संस्कार केन्द्र शिक्षा के साथ-साथ संस्कार परामर्श केन्द्र की निःशुल्क सेवाऐं दी जाती है।

### दा आर्यन ग्लोबल स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



रोहतक। दा आर्यन ग्लोबल विद्यालय में पौराणिक कथाओं व ग्रंथों पर आधारित अंतः गृह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रश्नोत्तरी आदि कवि वाल्मीकि द्वारा रचित आदिकाव्य रामायण पर आधारित रही। रामायण के सातों काण्डों से प्रश्न पूछे गए। आज की पीढ़ी को ग्रंथों व संस्कृति से जोड़ने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर विद्यालय में किया जाता है। निदेशिका सुनीता अहलावत व प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना ने विजेता टीम डोगराई को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कामकाजी उम्र के लोगों में से 15% मानसिक समस्याओं से रहे जूझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- व्यस्त जीवन में मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर मुद्दा

आज के समय में कार्यस्थल बेहद तेज गति से चल रहे हैं, जहां लोग लगातार व्यस्त रहते हैं। इस माहौल में मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर मुद्दा बनता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के हालिया आंकड़ों के अनुसार, कामकाजी उम्र के लोगों में से 15% मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते हैं। मनोरोग विभाग की अंतिम वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर भूमिका मलिक ने बताया कि अवसाद और चिंता के कारण हर साल अनुमानित 12 बिलियन कार्यदिवस नष्ट हो जाते हैं। इसके पीछे के कारणों में भारी कार्यभार, नौकरी की असुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और प्रबंधन से समर्थन की कमी शामिल हैं। कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी हानिकारक साबित हो सकती है। डॉ भूमिका मलिक ने कहा कि जिन कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, उनकी कार्यक्षमता और उत्पादकता में गिरावट आती है, और अक्सर अनुपस्थिति भी बढ़ जाती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, खराब मानसिक स्वास्थ्य के कारण हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान होता है। इसलिए, यह केवल कर्मचारियों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे संगठन के विकास के लिए भी चुनौतीपूर्ण है। डॉ भूमिका ने बताया की मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी एक विषाक्त कार्य वातावरण भी पैदा कर सकती है, जहां कर्मचारी खुद को अनदेखा, अत्यधिक काम का शिकार और अनसुना महसूस करते हैं। इससे अकेलेपन और तनाव की भावना बढ़ती है, और यह स्थिति एक ऐसा दुष्चक्र बन जाती है जिसे तोड़ना मुश्किल हो जाता है। मनोरोग विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर सुजाता सेठी ने बताया कि मानसिक बीमारियों को लेकर कलंक और दूसरों द्वारा आंका जाने का डर भी स्थिति को और जटिल बना देता है।



डॉ भूमिका मलिक

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**कार्यक्रम** कल सुबह 7:40 पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

## पुलिस लाइन में मनाया जाएगा पुलिस स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 21 अक्टूबर को पूरे देश में समारोह आयोजित किए जाएंगे तथा अपने फर्ज को निभाते हुए वीरगति को प्राप्त हुए पुलिस जवानों को याद किया जाएगा। रोहतक पुलिस द्वारा भी सुबह 7:40 बजे पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों की याद में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता एसपी हिमांशु गर्ग करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीजीपी रोहतक रेंज रोहतक कृष्ण कुमार राव होंगे। जिला पुलिस में तैनात सभी पुलिस अधिकारी, जिला में तैनात प्रशासनिक अधिकारी, सेवानिवृत्त पुलिसअधिकारी, सम्मानित व्यक्ति व आमजन उपस्थित रहेंगे। भारत में पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। 21 अक्टूबर 1959 को करम सिंह के नेतृत्व में भारतीय पुलिस कर्मियों का एक समूह उत्तर-पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग में गस्त कर रहा था। चीनी सेना ने अचानक भारतीय जवानों पर धावा बोल दिया था। जवानों ने बहादुरी के साथ चीनी सेना का सामना किया। अपनी पुलिस पोस्ट की सुरक्षा करते हुए वीर पुलिस जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर शौर्य की परम्परा व गाथा को कायम रखा। उन महान शहीदों की स्मृति में और उनका अनुसरण करने वाले सभी पुलिस बलों के शहीदों के सम्मान में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृतिदिवस आयोजित किया जाता है। जिला रोहतक में तैनात रहते हुए पुलिस कर्मचारियों ने जिले के असामाजिक-अपराधिक तत्वों से लड़ते हुए अपने प्राणों की कुर्बानी देकर पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है। पुलिस में तैनात हवलदार राज सिंह, हवलदार भीम सिंह, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र व उपनिरीक्षक बलवान सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने फर्ज को बखूबी निभाया। उनके द्वारा दी गई कुर्बानी कभी भुलाई नहीं जा सकती।



एसपी हिमांशु गर्ग

**शहीद हुए जवानों की याद में आयोजन**

पुलिस स्मृति दिवस शहीद हुए पुलिस जवानों की याद में व उनको सम्मान देने के लिए आयोजित किया जाता है। प्रत्येक पुलिस जवान को अपना फर्ज निभाना चाहिए। अपनी जान की परवाह न करते हुए अपनी ड्यूटी सच्ची निष्ठा व ईमानदारी से करनी चाहिए।

-हिमांशु गर्ग, पुलिस अधीक्षक



रोहतक। खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की जानकारी देते सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र दलाल।

### हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशे के खिलाफ युवाओं को खेल के माध्यम से किया जागरूक

रोहतक। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा छोटू राम स्टेडियम रोहतक में राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पुलिस उप अधीक्षक सतेंद्र कुमार व स्पेशल स्टाफ सोनीपत इंचार्ज पीएसआई बर्लिन ने की। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र दलाल ने कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे नशे से दूर रहे। कुछ व्यक्ति जो स्वयं नशा करते हैं वे भी नहीं चाहते कि उनके बच्चे नशा न करें। उन्होंने कहा कि आज एक और नशे के कारण सबसे अधिक पीड़ित नारी शक्ति है तो दूसरी और वहीं नारी शक्ति न केवल नशे के व्यापार में सहभागिता करती है, अपितु स्वयं भी नशे के सेवन में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत में कोई भी व्यक्ति अफीम, भांग, गांजा, चरस, हेरोइन, स्मैक, चिट्टा, एलएसडी, नशीली गोलियां, नशीले टीके आदि अपने पास नहीं रखे। देवेंद्र दलाल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यह नहीं चाहता कि उसकी संतान किसी भी प्रकार का नशा करें लेकिन नशे के तस्कर युवाओं को नशे का आदि बना रहे हैं।